भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-639

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2023 को दिया गया

बिजली वितरण कंपनियों की बकाया राशि

639. श्री नीरज डांगी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बीते दो वर्षों के दौरान बिजली उत्पादकों और वितरण कंपनियों के बीच बिजली खरीद के मामलों में कुल बकाया राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास बकाया राशि का कंपनी-वार और राज्य-वार कोई आंकड़ा है; और

(ग) यदि हां, तो बिजली उत्पादकों द्वारा इन वितरण कंपनियों से बकाया राशि वसूलने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : प्राप्ति पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, दिनांक 24.07.2023 तक की स्थिति के अनुसार जेनकोज पर विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की कुल देय राशियां निम्न प्रकार हैं:

दिनांक 24.07.2023 तक की स्थिति के अनुसार डिस्कॉमों द्वारा जेनकोज को भुगतान की जाने वाली देय राशियों का सार		
क्र. सं.	**विवरण**	**राशि करोड़ रुपए में**
1	12 ईएमआईयों के भुगतान के पश्चात* शेष पिछली देय राशियां (दिनांक 03.06.2022 तक की स्थिति के अनुसार)	61,025
2	वर्तमान देय राशियां (विवादित को छोड़कर और डिफ़ॉल्ट ट्रिगर तारीख से पहले)#	29,136

*राज्य जेनकोज की देय राशियों सहित

राज्य जेनकोज की देय राशियों को छोड़कर

(ख) : दिनांक 24.07.2023 तक की स्थिति के अनुसार, डिस्कामों द्वारा प्रस्तुत और प्राप्ति पोर्टल के अनुसार कुल देय राशियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) : डिस्कॉमों से उत्पादन कंपनियों की बकाया प्राप्य राशियों से उत्पन्न होने वाली नकदी प्रवाह संबंधी समस्याओं की पहचान करते हुए और विद्युत क्षेत्र मूल्य श्रृंखला में मूल भुगतान संबंधी व्यवस्था को बढ़ाने की दृष्टि से, जेनकोस की बढ़ती हुई प्राप्य राशियों के कारण, जिनका रख-रखाव चिंता का विषय है, भारत सरकार ने दिनांक 3 जून, 2022 को विद्युत (विलंबित भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 अधिनियमित किए हैं। इन नियमों में डिस्कॉमों के लिए, दिनांक 03.06.2022 को विद्यमान अपनी पिछली देय राशियों का समयबद्ध ढंग से, बराबर मासिक किस्तों में, दिनांक 03.06.2022 के बाद विलंबित भुगतान अधिभार की गैर-प्रयोज्यता के लाभों सहित, निपटान करने की बाध्यता की गई है। इन नियमों में वर्तमान देय राशियों के समयबद्ध निपटान और खुली पहुंच की क्रमिक निकासी के निरुत्साहन के साथ-साथ विद्युत विनियमों के लिए, यदि इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो, कार्य ढांचों का प्रावधान किया गया है। डिस्कॉम उत्पादन कंपनियों को अपनी देय राशियों का भुगतान करने के लिए पीएफसी लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

विद्युत (एलपीएस तथा संबंधित मामले) नियम, 2022 के कार्यान्वयन से, बकाया देय राशियों की वसूली में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। तेरह (13) राज्यों ने पिछली देय राशियों की सूचना दी तथा दिनांक 03.06.2022 तक की स्थिति के अनुसार कुल बकाया देय राशि 1,39,747 करोड़ रुपये (जेनकोज की देय राशि 1,20,540 करोड़ रुपये) के साथ एलपीएस नियमों के अंतर्गत ईएमआई विकल्प चुना। बारह (12) ईएमआईयों के भुगतान के साथ-साथ कुछ डिस्कॉमो द्वारा पूर्व-भुगतान के बाद, कुल 69,790 करोड़ रुपये (जेनकोस के लिए 59,516 करोड़ रुपये की देय राशियों) की धनराशि का भुगतान किया गया है तथा बकाया धनराशि कम होकर 69,957 करोड़ रुपये (जेनको की शेष देयराशि 61,025 करोड़ रुपये है) हो गई है। इसके अतिरिक्त, दिनांक 03.06.2022 तक की स्थिति के अनुसार, 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से किसी प्रकार की बकाया देय राशियां न होने, की सूचना प्राप्त हुई है। वितरण कंपनियां भी इस नियम के अंतर्गत विनियमों से बचने के लिए अपने वर्तमान देय राशियों का समय पर भुगतान कर रही हैं।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 25.07.2023 को उत्तर दिए गए अतारांकित प्रश्न संख्या 639 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

दिनांक 24.07.2023 तक की स्थिति के अनुसार जेनकोज को भुगतान की जाने वाली डिस्कॉमों की देयराशियां

राशि करोड़ रूपये में

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	डिस्कॉम	12वीं ईएमआई के बाद शेष पिछली देय राशियां*	दिनांक 24-07-2023 को वर्तमान देय राशियां#
1	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश केन्द्रीय विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	158
2	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश पूर्वी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	34
3	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश विद्युत खरीद समन्वय समिति	-	1,127
4	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	385
5	अरुणाचल प्रदेश	अरुणाचल विद्युत वितरण विभाग	-	-
6	असम	असम विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	122
7	बिहार	नॉर्थ बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	1,260
8	बिहार	साउथ बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	72
9	चंडीगढ़	चंडीगढ़ विद्युत विभाग	-	-
10	छत्तीसगढ	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	2,913	628
11	दिल्ली	बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड	-	338
12	दिल्ली	बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड	-	42
13	दिल्ली	दिल्ली टाटा पावर वितरण लिमिटेड	-	260
14	दिल्ली	नई दिल्ली नगर पालिका परिषद	-	0
15	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	-	259
16	गोवा	गोवा विद्युत विभाग	-	-
17	गुजरात	गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड	-	3,532
18	हरियाणा	हरियाणा विद्युत खरीद केंद्र	-	383
19	हिमाचल प्रदेश	हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड	-	20
20	जम्मू एवं कश्मीर	जम्मू एवं कश्मीर राज्य विद्युत व्यापार कंपनी लिमिटेड	5,368	352
21	झारखंड	झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	2,921	582
22	कर्नाटक	बैंगलोर विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड	4,764	1,592
23	कर्नाटक	चामुंडेश्वरी विद्युत आपूर्ति निगम लिमिटेड	824	21
24	कर्नाटक	गुलबर्गा विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड	1,636	111
25	कर्नाटक	हुबली विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड	1,636	394

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	डिस्कॉम	12वीं ईएमआई के बाद शेष पिछली देय राशियां*	दिनांक 24-07-2023 को वर्तमान देय राशियां#
26	कर्नाटक	मैंगलोर विद्युत आपूर्ति कंपनी लिमिटेड	94	-
27	केरल	केरल राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड	-	24
28	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश विद्युत मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड	5,931	1,623
29	महाराष्ट्र	सर्वोत्तम उपक्रम	-	-
30	महाराष्ट्र	महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	10,362	2,624
31	मणिपुर	मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	59
32	मेघालय	मेघालय विद्युत वितरण निगम लिमिटेड	-	9
33	मिजोरम	मिजोरम विद्युत विभाग	-	48
34	नागालैंड	नागालैंड विद्युत विभाग	-	39
35	ओडिशा	ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ ओडिशा	-	429
36	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी विद्युत विभाग	-	9
37	पंजाब	पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड	-	1,915
38	राजस्थान	अजमेर विद्युत वितरण निगम लि.	1,136	618
39	राजस्थान	जयपुर विद्युत वितरण निगम लि.	2,474	530
40	राजस्थान	जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि.	2,504	141
41	सिक्किम	सिक्किम विद्युत विभाग	-	1
42	तमिलनाडु	तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण निगम लिमिटेड	11,677	4,578
43	तेलंगाना	तेलंगाना राज्य उत्तरी विद्युत वितरण कंपनी	635	688
44	तेलंगाना	तेलंगाना राज्य दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी	1,616	477
45	त्रिपुरा	त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड	-	81
46	उत्तर प्रदेश	उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड	4,533	3,153
47	उत्तराखंड	उत्तराखंड विद्युत निगम लिमिटेड	-	40
48	पश्चिम बंगाल	दामोदर घाटी निगम	-	296
49	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड	-	84
कुल जोड़			**61,025**	**29,136**

*राज्य जेनकोज की देय राशियों सहित

राज्य जेनकोज की देय राशियों को छोड़कर

****